Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish an Eklavya Model Residential School in Rohtas District, Bihar-laid.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): मेरे संसदीय क्षेत्र के रोहतास जिला अंतर्गत प्रखण्ड-रोहतास के रेहल में आदिवासी समाज के वंचित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए "एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय" स्थापित करने की अति आवश्यकता है, जहाँ अनुसूचित जनजाति/आदिवासियों का अति प्राचीन विरासत रोहतासगढ़ किला स्थित है। जिला पदाधिकारी से विमर्श में यह स्पष्ट हुआ कि इस क्षेत्र में उक्त विद्यालय स्थापित करने हेतु आवश्यक मापदण्ड के अनुसार आदिवासियों की संख्या 20 हजार से अधिक है । इस पहाड़ी क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति/आदिवासी परिवारों को उन्नत करने के लिए उनके बच्चों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नियमित, निरंतर एवं आवासीय शिक्षा की नितांत आवश्यकता है ।

अत: विशेष अनुरोध है कि आदिवासी समाज के समग्र कल्याण हेतु व्यापक जनहित में बिहार के रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास प्रखण्ड के रेहल में यथाशीघ्र "एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय" स्थापित करने हेतु सदन के माध्यम से निर्देशित करने की कृपा की जाए ।